an>

Title: Need to provide support price taking into account cost of production to the farmers for their agricultural produce.

श्री पी.पी.चौधरी (पाली) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान नैफेड द्वारा राजस्थान में समर्थन मूल्य पर लगभग पांच सौ करोड़ रुपये में खरीदे गए चने की ओर दिलाना चाहता हूं कि लगभग एक से दो माह बीत गए हैं, लेकिन अभी तक राजस्थान के किसानों को नैफेड द्वारा 500 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया जा रहा है और जो चने की खरीद हुई है, समर्थन मूल्य पर लगभग 55 प्रतिशत खरीद ही हुई है और 45 प्रतिशत चना अभी किसानों के पास पड़ा है। चने के पैसे न मिलने की वजह से इस बारिश के मौसम में, किसान नई फसल बोने के लिए खाद और बीज नहीं जुटा पा रहे हैं। इसलिए मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन है कि शीघ्रातिशीघ्र नैफेड द्वारा 500 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया जाए।